## डा. अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नॉलॉजी फॉर हैण्डीकैप्ड, उ. प्र., कानपुर –24

**प्रशासकीय परिषद की 12वीं बैठक दिनांक 23.10.2020 को अपराह्न 01.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपाध्यक्ष प्रशासकीय परिषद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक का कार्यवृत्त।**

उपस्थिति :–

| क्र.सं. | नाम व पदनाम | स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 विनय कुमार पाठक,<br>कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ। | सदस्य |
| 2. | श्री अजय जौहरी, अपर निदेशक, कोषागार, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 3. | श्री ऋषिकेश दुबे, विशेष सचिव, नियोजन, उ0प्र0 शासन लखनऊ।<br>(प्रमुख सचिव, नियोजन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 4. | सुश्री ईरा सिंघल (IAS),<br>उपायुक्त<br>उत्तरीय दिल्ली, | सदस्य |
| 5. | प्रो0 एन0बी0 सिंह,<br>कुलपति,<br>एच.बी.टी.यू., कानपुर। | सदस्य |
| 6. | श्री सुमन कुमार,<br>सहायक निदेशक,<br>(निदेशक, अली यावर जंग नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एण्ड हियरिंग डिस्एबिलिटीज (दिव्यांगजन), मुम्बई द्वारा नामित) | सदस्य |
| 7. | ले. कर्नल (रिटा.) पी.के. दुबे,<br>महा प्रबंधक, एल्मिको, कानपुर।<br>(अध्यक्ष–प्रबन्ध निदेशक, एलिम्को, कानपुर के द्वारा नामित) | सदस्य |
| 8. | श्री मनोज कुमार,<br>निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | निदेशक,<br>विकलांग पुनर्वास केन्द्र,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 10. | डा0 मनोज तिवारी,<br>क्षेत्रीय अधिकारी, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद,<br>उत्तरीय क्षेत्र, कानपुर।<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा नामित) | सदस्य |
| 11. | प्रो0 रचना अस्थाना,<br>निदेशक,<br>डा. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी फार हैण्डीकैप्ड, उ. प्र., कानपुर | सदस्य–सचिव |

**कार्यवाही:**

प्रशासकीय परिषद की बैठक उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, ए0आई0टी0एच0,कानपुर की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आहूत की गयी। सदस्य सचिव ने उपाध्यक्ष एवं प्रशासकीय परिषद के सम्मानित सदस्यों का स्वागत करने के उपरान्त कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु मा0 उपाध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त की एवं तत्पश्चात् एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**12.01 प्रशासकीय परिषद की 11वीं बैठक दिनांक 26.03.2019 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

प्रशासकीय परिषद की 11वीं बैठक दिनांक 26.03.2019 के कार्यवृत्त का अवलोकन करते हुये इसकी पुष्टि की गयी।

**12.02 प्रशासकीय परिषद की 11वीं बैठक दिनांक 26.03.2019 के निर्णयों/संस्तुतियों पर कृत कार्यवाही।**

प्रशासकीय परिषद की 11वीं बैठक दिनांक 26.03.2019 के निर्णयों/संस्तुतियों को अवलोकित करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

11.02.3 प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के नाम परिवर्तन के प्रस्ताव पर यह गये निर्णय लिया गया कि डा. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, फॉर हैण्डीकैप्ड, उ0प्र0, कानपुर के स्थान पर **डा. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन, उ0प्र0, कानपुर** किये जाने पर सहमति व्यक्त की गई।

**12.03 संस्थान की प्रगति आख्या का अवलोकन एवं विचार।**

परिषद द्वारा संस्थान की प्रगति आख्या का अवलोकन करते हुए संतोष व्यक्त किया गया।

**12.04 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की 11वीं बैठक के उपरान्त सम्पन्न हुई वित्त समिति की बैठकों के कार्यवृत्तों का पटलीकरण /अवलोकन व अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद की 11वीं बैठक दिनांक 26.03.2019 के उपरान्त सम्पन्न हुई संस्थान की 28वीं एवं 29वीं वित्त समिति की बैठकों के कार्यवृत्तों का पटलीकरण व अवलोकन किया गया तथा लिये गये निर्णयों पर परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**12.05 संस्थान में रूफटॉप पावर प्लाण्ट संयंत्रों की स्थापना पर विचार।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रस्ताव पर इस शर्त के साथ सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी कि प्रश्नगत परियोजना का एक्सपर्टस से प्रापर स्टडी कराकर उसे टेक्निकली वेट करा लिया जाय तथा इसकी मेन्टीनेंस कास्ट भी आकलित करा ली जाय ।

**12.06. ए0के0टी0यू0 लखनऊ द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना के अर्न्तगत प्रस्तावों पर अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा निम्नलिखित प्रस्तावों पर इस शर्त के साथ सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई कि इन पर प्राप्त धनराशि के व्यय में संगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा:–

1. महिला छात्रावास के द्वितीय ब्लाक के निर्माण
2. ERP साफ्टवेयर के क्रय
3. अटल बिहारी बाजपेई शोध केन्द्र की स्थापना

12.07 **संस्थान की प्रशासकीय परिषद/सोसाइटी की सम्पन्न बैठकों में हुये निर्णयों को संस्थान के मेमोरेन्डम आफ एसोसिएयेशन तथा सोसायटी के नियमों में सम्मिलित किये जाने पर विचार।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान की प्रशासकीय परिषद की पूर्व सम्पन्न बैठकों में लिये गये उन निर्णयों जिनका संस्थान द्वारा अब तक क्रियान्वयन किया जा चुका है, उन्हें तथा उन निर्णयों जिनका संस्थान स्तर से क्रियान्वयन किया जाना अभी शेष है, का क्रियान्वयन पूर्ण कराते हुए समस्त संशोधनों को संकलित रूप में मेमोरण्डम आफ एशोसियेसन तथा सोसायटी बायलाज में सम्मिलित कराने हेतु उसे आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

12.08 **स्ववित्त पोषित डिग्री पाठ्यक्रम की आय से बचतों एवं बैंक खातों में अर्जित ब्याज पर, आयकर विभाग की डिमाण्ड के अनुरूप देय धनराशि के भुगतान हेतु सैद्धांतिक सहमति प्रदान किये जाने पर विचार।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई ।

12.09 **TEQIP के अन्तर्गत खोले गये कार्पस फण्ड, मेन्टीनेंस फण्ड, डेप्रीसियेशन फण्ड एवं स्टाफ डेवलपमेन्ट फण्ड के बैंक में खुले खातों को बन्द किये जाने हेतु शासन को संस्तुति किया जाना।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुए संस्थान स्तर से कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया।

12.10 **संस्थान में संचलित पाठ्यकमों का एकीडिटेशन कराये जाने पर विचार।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान में संचालित पाठ्यकमों का एकीडिटेशन कराये जाने की कार्यवाही पर सहमति व्यक्त की गई एवं संस्थान का विजन एवं मिशन को निम्नानुसार अनुमोदित किया गया :-

## VISION

To be an Institution of excellence in Engineering, Research, and Innovation to produce skilled and trained manpower (normal & divyang) of the high quality imbibing human values.

## MISION

1. To create environment for facilitating the global vision of inclusive education that enculcate values of equality and brotherhood among students.
2. To prepare all students for successful careers based on strong technical knowledge, skill, human and ethical values
3. To develop unique culture that instills responsibility and accountability in relationship with family, society and environment/nature.
4. To create state of art education labs for providing facilities to divyang students.
5. To start post graduate programm's for developing R & D activities in the institute.

## 12.11 संस्थान में स्ववित्त पोषित आधार पर संचालित डिग्री पाठ्यक्रमों हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा सृजित शैक्षिक पदों को अभातशिप के मानकानुसार पुनर्गठित किये जाने पर विचार।

प्रशासकीय परिषद को अभातशिप के प्रतिनिधि क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तरीय क्षेत्र, कानपुर द्वारा यह अवगत कराया गया कि एन0बी0ए0 की मान्यता के दृष्टिगत शिक्षक छात्र अनुपात 1:20 के स्थान पर 1:15 रखते हुये पदो का पुनर्गठन पर सहमति किये जाने का सुझाव दिया गया जिस पर प्रशासकीय परिषद द्वारा वर्तमान में 14 पदों पर कार्यरत शिक्षकों को सम्मिलित करते हुए निम्नवत पुनर्गठन अनुमोदित किया गया :–

| विभाग का विवरण | अभातशिप के मानकानुसार आवश्यक पद | | | | कुल | अभातशिप मानकानुसार वर्तमान में कार्यरत असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | निदेशक | प्रोफेसर | एसोसिएट प्रोफेसर | असिस्टेण्ट प्रोफेसर | | |
| प्रशासनिक पद | 01 | – | – | – | 01 | – |
| कम्पयूटर साइंस एण्ड इंजी0 | – | 01 | 03 | 08 | 12 | 06 |
| इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 | – | 01 | 03 | 08 | 12 | 02 |
| केमिकल इंजी0 | – | 01 | 03 | 08 | 12 | 01 |
| इन्फारमेशन टेक्नोलाजी | – | 01 | 03 | 08 | 12 | – |
| बायोटेक्नोलाजी | – | 01 | 03 | 08 | 12 | 02 |
| | | | | | | |
| रसायन | – | 01 | 01 | 02 | 04 | 02 |
| भौतिक | – | 01 | – | 01 | 02 | – |
| गणित | – | 01 | 02 | 02 | 05 | 01 |
| अँग्रेजी | – | – | – | 01 | 01 | – |
| मैनेजमेन्ट | – | – | – | 01 | 01 | – |
| अन्य अभियंत्रण अनुभाग | – | – | 02 | 03 | 05 | – |
| ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट | – | 01 | – | – | 01 | – |
| कुल योग | 01 | 09 | 20 | 50 | 80 | 14 |

NBA (National Board of Accreditation) के दृष्टिगत संस्थान में डिग्री संकाय में उपलब्ध संसाधनों की सीमा के अर्न्तगत शिक्षकों की नियुक्ति एवं प्रोन्नति किये जाने पर प्रशासकीय परिषद द्वारा इस शर्त के साथ सहमति प्रदान की गयी कि भविष्य में शासन से किसी प्रकार की वित्तीय अनुदान की मांग नही की जायेगी।

## 12.12 अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की संस्तुति अनुसार डिग्री संकाय में कार्यरत शिक्षण/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अभातशिप के मानकानुसार सातवॉं वेतनमान दिये जाने पर विचार।

प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव को अवलोकित करते हुए कार्यरत सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अभातशिप के सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप दिनांक 01.01.2016 से सातवॉं वेतनमान दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। वेतन तथा भत्तों पर पढ़ने वाले व्यय को डिग्री स्ववित्त पोषित पाठ्यकम की आय से ही वहन किया जायेगा। शासन द्वारा इस हेतु कोई भी अनुदान नहीं दिया जायेगा।

**12.13 संस्थान में व्याख्याता भौतिकी के पद पर कार्यरत डा0 राजेश कुमार के अवकाश स्वीकृति के सम्बन्ध में विचार।**

उपरोक्त प्रकरण पर विधिक राय लेते हुए प्रशासकीय परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिये गये।

अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(रचना अस्थाना)
सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद,
ए0आई0टी0एच0, कानपुर

(रचना अस्थाना)
सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद
ए० आई० टी० एच०, कानपुर

(श्रीमती एस0 राधा चौहान)
उपाध्यक्ष / अध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद,
ए0आई0टी0एच0, कानपुर

उपाध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
ए0आई0टी0एच0 ,कानपुर
एवं
प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा
उ0 प्र0 शासन, लखनऊ